RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 12 अक्टूबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 169 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# मुख्यमंत्री शिंदे का बड़ा एलान

## महाराष्ट्र में होगा अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन...

मुंबई : महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को घोषणा की कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की तर्ज पर राज्य में एक अनुसूचित जनजाति आयोग स्थापित किया जाएगा। शिंदे ने आदिवासी समुदाय की बड़ी आबादी वाले ऐसे गांवों की संख्या बढ़ाने पर भी संकेत दिया जो पहले किसी सरकारी योजना में शामिल नहीं थे।



एक बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और संबंधित मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य के अनेक हिस्सों में आदिवासी जनसंख्या के मौजूदा स्तर की समीक्षा करने का आदेश दिया। इसमें कहा गया कि समीक्षा के बाद, गांवों के साथ नए क्षेत्रों को 'आकांक्षी जिलों के रूप में अधिसूचित किया जाएगा, जिससे आदिवासियों की बड़ी आबादी वाले गांवों की संख्या में मौजूदा गांवों की तुलना में वृद्धि हो सकती है। एक अधिकारी ने बताया कि बैठक में शिंदे ने अनुसूचित जनजातियों के लिए एक विशेष आयोग गठित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जो एक वैधानिक निकाय होगा।

# नवी मुंबई में 1 करोड़ रुपये की मेफेड्रोन दवा जब्त !

## एक आरोपी गिरफ्तार...




मुंबई : नवी मुंबई के वाशी इलाके में एंटी नारकोटिक्स सेल (एएनसी) की टीम ने 1 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत के मेफेड्रोन ड्रग के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गोरेगांव निवासी शमशुद्दीन अब्दुल कादर अत्तिंगल के रूप में हुई है। एएनसी की टीम इस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, एएनसी को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मेफेड्रोन बेचने के लिए वाशी आ रहा है। इस जानकारी के बाद एएनसी की टीम ने मंगलवार रात वाशी में एक दुकान के पास निगरानी रखी। जैसे ही आरोपी एटिंगल पहुंचा तो एएनसी टीम ने उसे रोक लिया और उसके सामान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान एटिंगल के बैग से 1,011 ग्राम मेफेड्रोन ड्रग और एक लाख दस हजार रुपये मिले। इसके बाद एएनसी टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले की गहनता से जांच चल रही है।

इसी तरह, एक अन्य मामले में, राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने सोमवार को नागपुर जिले में महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश सीमा के पास एक ट्रक से 1.04 करोड़ रुपये मूल्य का 520 किलोग्राम गांजा जब्त किया। डीआरआई सूत्रों ने बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, नागपुर में डीआरआई अधिकारियों ने सोमवार सुबह बोरखेड़ी टोल बूथ से गुजरते समय एक ट्रक को रोका। वाहन की जांच करने पर, अधिकारियों को ड्राइवर के केबिन और ट्रक में एक अलग जगह मिली। जब इसकी तलाशी ली गई तो 242 पैकेटों में छिपाकर रखा गया 520 किलो गांजा मिला, जिसकी कीमत 1.04 करोड़ रुपये है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और मामले की जांच जारी है।

# मुंबई और नवी मुंबई एयरपोर्ट को बीच दौड़ेगी मेट्रो...

## 40 मिनट का हो जायेगा ढाई घंटे का सफर

**मुंबई :** मुंबई एयरपोर्ट और नवी मुंबई एयरपोर्ट को मेट्रो 8 कॉरिडोर से कनेक्ट करने के काम किया जा रहा है। मेट्रो को मुंबई से नवी मुंबई तक ले जाने के सिडको की तरफ जल्द ही डिटेल प्रॉजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को अंतिम रूप दिया जाएगा। मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने मुंबई परिसर से गुजरने वाले मेट्रो मार्ग पर डीपीआर तैयार करने का काम पूरा कर लिया है।




**40 मिनट का हो जायेगा ढाई घंटे का सफर**

हवाई यात्रा का सफर आसान बनाने के लिए सरकार ने करीब 35 किमी लंबे मेट्रो-8 कॉरिडोर के निर्माण का निर्णय लिया है। मेट्रो के बन जाने से हवाई यात्रियों का सफर बेहद आरामदायक होगा। यात्री मुंबई एयरपोर्ट से नवी मुंबई एयरपोर्ट तक केवल 30 से 40 मिनट में पहुंच सकेंगे।

### दोनों एयरपोर्ट को जोड़ने के काम में तेजी...

**मौजूदा समय में मुंबई से नवी मुंबई में बन रहे एयरपोर्ट पर सड़क से पहुंचने में दो से ढाई घंटे का समय लगता है। एमएमआर में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए 2014 के एमएमआरडीए के मास्टर प्लान में मेट्रो-8 कॉरिडोर के निर्माण की योजान तैयार की गई थी। नवी मुंबई में एयरपोर्ट के निर्माण कार्य की रफ्तार बढ़ने के साथ ही सरकार ने मेट्रो के माध्यम से दो एयरपोर्ट को जोड़ने का काम भी तेज कर दिया है।**

## बम्बई उच्च न्यायालय ने दिव्यांग महिला के गर्भ को समाप्त करने की दी अनुमति



**मुंबई :** बम्बई उच्च न्यायालय ने शारीरिक और बौद्धिक रूप से अक्षम एक महिला को 29 सप्ताह के गर्भ को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति दी है। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति गौरी गोडसे की खंडपीठ ने हाल ही में मेडिकल बोर्ड की एक रिपोर्ट के बाद महिला (25) को गर्भ को समाप्त करने की अनुमति दी। अदालत पीड़िता के पिता की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें दुष्कर्म के कारण ठहरे गर्भ को समाप्त करने की मांग की गई थी।




# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## रोजगार निर्माण

सालाना सावधिक श्रम शक्ति सर्वे (पीएलएफएस) के जुलाई-जून 2022-23 के आंकड़े दिखाते हैं कि समग्र बेरोजगारी की दर 3.2 फीसदी के साथ छह वर्षों के निचले स्तर पर पहुंच गई है। अन्य चीजों के समान रहते बेरोजगारी दर में गिरावट और श्रम शक्ति भागीदारी दर में इजाफा यह बताता है कि अर्थव्यवस्था में रोजगार तैयार हो रहे हैं। हां, रोजगार की गुणवत्ता पर अवश्य सवाल खड़े हो सकते हैं। 15 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए श्रम शक्ति भागीदारी की दर 2017-18 के 49.8 फीसदी से बढ़कर ताजा सर्वेक्षण में 57.9 फीसदी हो गई है। वर्तमान साप्ताहिक स्तर पर भी आंकड़ों में सुधार हुआ है। गुणवत्ता के संदर्भ में अभी काफी कुछ वांछित है। उदाहरण के लिए गैर कृषि क्षेत्रों की बात करें तो असंगठित माने जाने वाले प्रोपराइटरी और साझेदारी सेटअप में रोजगारशुदा लोगों का प्रतिशत 2020-21 के 71.4 फीसदी से बढ़कर ताजा सर्वेक्षण में 74.3 फीसदी हो गया है। हालांकि हालात में कुछ सुधार हुआ है लेकिन करीब 60 फीसदी कर्मचारियों के पास अपने काम का कोई लिखित अनुबंध नहीं है। असंगठित क्षेत्र के रोजगार आमतौर पर छोटे उपक्रमों में हैं जहां बड़े पैमाने पर काम नहीं होता है। नतीजतन वेतन भी काफी कम होता है। भारत में रोजगार निर्माण की बात करें तो कई दीर्घकालिक मसले हैं और ये गुणवत्ता और मात्रा दोनों क्षेत्रों में हैं। एक समस्या श्रम शक्ति में महिलाओं की कम भागीदारी की भी रही है। संयोगवश पीएलएफएस के ताजा आंकड़े उसी दिन जारी किए गए जिस दिन हार्वर्ड विश्वविद्यालय की क्लॉडिया गोल्डिन को अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की गई।

उन्हें यह पुरस्कार ह्यमहिलाओं के श्रम बाजार संबंधी परिणामों के बारे में हमारी समझ बढ़ानेह्व के लिए दिया गया। पीएलएफएस के ताजा आंकड़ों के मुताबिक शहरी और ग्रामीण इलाकों की महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी को मिला दिया जाए तो वह 15 वर्ष से अधिक आयु के मामलों में 2017-18 के 23.3 फीसदी से बढ़कर 2022-23 में 37 फीसदी हो गई। वहीं ताजा सर्वेक्षण में पुरुषों के तुलनात्मक आंकड़े 78.5 फीसदी रहे। सैद्धांतिक तौर पर देखें तो महिलाओं की भागीदारी में इजाफा उत्साहित करने वाला है लेकिन एक हालिया अध्ययन में कहा गया कि महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी दर में इजाफा मुश्किल हालात का परिणाम हो सकता है। संभव है कि महामारी के शिकार परिवारों की आय बढ़ाने के लिए बड़ी तादाद में महिलाएं श्रम शक्ति का हिस्सा बन रही हों।

ऐसे में सरकार के लिए नीतिगत चुनौती न केवल अधिक सार्थक रोजगार तैयार करना है बल्कि ऐसे हालात बनाने की चुनौती भी होगी जो श्रम शक्ति भागीदारी बढ़ाने में मददगार साबित हों। बढ़ी हुई भागीदारी से उत्पादकता और वृद्धि में इजाफा करने में मदद मिलेगी। इस संदर्भ में हालांकि प्रोफेसर गोल्डिन के योगदान में अमेरिकी इतिहास के 200 वर्षों को शामिल किया गया है, वहीं उसमें भारत समेत सभी देशों के लिए उपयोगी सबक भी हैं। उदाहरण के लिए उन्होंने कहा है कि आर्थिक वृद्धि अपने आप में श्रम बाजार में महिला-पुरुष अंतर को कम नहीं करती। अगर सामाजिक और संस्थागत बाधाएं महिलाओं को श्रम बाजार से दूर रखेंगे तो केवल महिला शिक्षा पर जोर देने से भी लैंगिक अंतराल स्वत: कम नहीं होगा। लैंगिक दृष्टि से रूढ़िवादी समाजों में मातृत्व भी एक बड़ी वजह है। इसके अलावा भविष्य को लेकर महिलाओं की आकांक्षाएं भी अहम भूमिका निभाती हैं। ऐसे में भारतीय नीति निमार्ताओं के समक्ष सबसे बड़ा काम है अधिक सार्थक रोजगार तैयार करना। खासतौर पर संगठित क्षेत्र में रोजगार तैयार करना जो श्रम बाजार में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को प्रोत्साहित करें। भारत की सेवा आधारित अर्थव्यवस्था शायद इसे हासिल करने के लिए बेहतर स्थिति में है। महिला सुरक्षा समेत सामाजिक माहौल से संबद्ध मसलों को हल करने से भी श्रम शक्ति में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए अनुकूल माहौल बनेगा।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# शिंदे सरकार ने लड़कियों के लिए योजना की घोषणा की

## किसानों के लिए नकद हस्तांतरण शुरू...



**मुंबई:** चुनावी मोड में तैयार महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को एक लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों के लिए लेक लड़की योजना (प्रिय बेटी योजना) को मंजूरी दे दी। सरकार लड़की के जन्म के समय 5,000 रुपये, स्कूल में दाखिला होने पर 6,000 रुपये, कक्षा 7 में होने पर 7,000 रुपये, कॉलेज में दाखिला लेने पर 8,000 रुपये और जब वह कक्षा में प्रवेश लेगी तो 75,000 रुपये देगी। उम्र 18 साल. इस प्रकार लड़की को कुल 1.01 लाख रुपये प्रदान किये जायेंगे।

एकनाथ शिंदे सरकार ने जीआर (सरकारी संकल्प) जारी करके नमो शेतकरी महासंमान निधि योजना के तहत धन की पहली किश्त के रूप में किसानों को 1,720 करोड़ रुपये के वितरण को भी मंजूरी दे दी। योजना के तहत राज्य के करीब 90 लाख किसानों को सालाना 6,000 रुपये का भुगतान किया जाएगा. मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के एक अधिकारी ने बताया कि लेक लड़की योजना 01 अप्रैल 2023 से लागू होगी. महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और पूर्व वित्त मंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने 2023-24 के बजट में इस योजना की घोषणा की थी। महाराष्ट्र की महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने कहा कि योजना का उद्देश्य परिवार पर वित्तीय बोझ के कारण लड़कियों को स्कूल छोड़ने से रोकना है। सुश्री तटकरे ने कहा, ''यह योजना नवरात्रि से शुरू की जाएगी। मुझे यकीन है कि यह बालिकाओं को सशक्त बनाएगी।''

कैबिनेट के फैसले के मुताबिक, अगर राज्य में 1 अप्रैल 2023 के बाद किसी परिवार में एक या दो लड़कियां या एक लड़का और एक लड़की का जन्म हुआ है तो लड़की इस योजना का लाभ पाने की हकदार होगी. दूसरी डिलीवरी के दौरान जुड़वा बच्चों के जन्म पर दोनों लड़कियां योजना के लिए पात्र होंगी। लेकिन इन बच्चों के माता या पिता को परिवार नियोजन ऑपरेशन कराना होगा. एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''लड़की के खाते में किस्तों में पैसा ट्रांसफर किया जाएगा, ताकि उसकी शिक्षा सुचारू रूप से पूरी हो सके।'' इस बीच, राज्य कृषि विभाग ने नमो शेतकारी महासंमान निधि योजना के तहत किसानों को धन की पहली किश्त के रूप में 1,720 करोड़ रुपये के अनुमोदन वितरण के संबंध में एक जीआर जारी किया है। राज्य के किसानों के बैंक खातों में सालाना 6,000 रुपये जमा किये जायेंगे. एक अधिकारी ने बताया कि इस योजना से राज्य के करीब 90 लाख किसान लाभान्वित होंगे. महाराष्ट्र के कृषि मंत्री धनंजय मुंडे ने कहा कि अप्रैल 2023 से जुलाई 2023 तक पहली किस्त के लिए 1,720 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। पीएफएमएस (सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली) के माध्यम से सीधे किसानों के खातों में धनराशि वितरित की जाएगी।

# दहिसर/ 15 लाख के गुटखे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**दहिसर :** बोरीवली की एमएचबी पुलिस ने बीते दिनों 15 से लाख से ज्यादा रुपयों का गुटखा बरामद किया है, जो महाराष्ट्र में पूर्ण रुप से प्रतिबंधित है. पुलिस के अनुसार उन्हें मुखबिर द्वारा जानकारी मिली थीं कि दहिसर पश्चिम में स्थित प्रमिला नगर में बड़े पैमाने पर गुटखे का खेप आने वाला है. पुलिस ने जाल बिछाकर मुखबिर द्वारा बताए टेम्पो को पकड़ा और तलाशी के दौरान महाराष्ट्र में प्रतिबंधित 15, 89, 160 रुपयों का गुटखा बरामद कर लिया है. पकड़े गए आरोपी का नाम रंजन कुमार राम मदन सहानी है. पुलिस इस मामले में अन्य आरोपियों की भी तलाश कर रही है.

# मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म

**नालासोपारा :** नालासोपारा पूर्व इलाके में एक 9 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ 42 वर्षीय व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है. यह मामला तुलिंज पुलिस स्टेशन अंतर्गत आने वाले प्रगति नगर इलाके का है, जहां पर 9 वर्षीय बच्ची किराने की दुकान पर कुछ समान खरीदने जा रही थी. बताया जा रहा है कि उसी दौरान उसी चाल में रहने वाले 42 वर्षीय आरोपी ने मौके का फायदा उठाकर बच्ची को अपने घर ले गया और दुष्कर्म जैसी घिनौने कृत्य को अंजाम दिया.

# 75 प्रतिशत लो वोल्टेज उपभोक्ताओं ने किया ऑनलाइन बिजली बिल भुगतान

## ऑनलाइन बिजली बिल भुगतान सुरक्षित और आसान



**वसई :** महावितरण के कल्याण परिमंडल में, 75 प्रतिशत निम्न दबाव ग्राहकों ने सितंबर में कतारों से बचते हुए, अपने बिजली बिलों का भुगतान ऑनलाइन किया महावितरण ने सर्कल के शेष 25 प्रतिशत बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने वर्तमान विजली बिलों के साथ- साथ बकाया का भुगतान करने के लिए सुरक्षित और आसान ऑनलाइन विकल्पों का उपयोग करें। बिजली बिल का ऑनलाइन भुगतान महाडिकॉम की वेबसाइट पर केवल ग्राहक संख्या का उल्लेख करके नेटबैंकिंग, क्रेडिट / डेबिट कार्ड के साथ मोबाइल वॉलेट और कैश कार्ड का उपयोग करके किया जा सकता है।महावितरण के मोबाइल ऐप के माध्यम से उसी विकल्प का उपयोग करके बिल का भुगतान करने की सुविधा है। भीम ऐप या अन्य उपलब्ध पेमेंट वॉलेट के माध्यम से बिजली बिल का ऑनलाइन भुगतान आसान और सुरक्षित है। कतार में इंतजार करने में समय बर्बाद करने के बजाय, ऑनलाइन विकल्प चुनने वाले ग्राहकों को समय और पैसा बचाने की सुविधा मिलती है, जो ग्राहक अपना बिजली बिल ऑनलाइन भुगतान करेंगे उन्हें अगले महीने के बिजली बिल में आधा प्रतिशत (अधिकतम 500 रुपये तक की छूट मिलेगी। परिमंडल में 16 लाख 32 हजार 606 निम्नदाब उपभोक्ताओं ने सितंबर माह में 374 करोड़ रुपये के बिजली बिल का ऑनलाइन भुगतान किया है। निम्न दाब ग्राहकों की कुल संख्या की तुलना में यह अनुपात 75 प्रतिशत है और महावितरण ने शेष ग्राहकों से अपने बिजली बिलों का भुगतान करने के लिए ऑनलाइन विकल्प चुनने की अपील की है।

# अवैध ढंग से पार्किंग हुए वाहनों पर ट्रैफिक विभाग ने किया कार्यवाई



**वसई :** विरार में ट्रैफिक पुलिस ने अनाधिकृत पार्किंग वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई । इस एक घंटे की कार्रवाई में एक लाख का जुमार्ना वसूला गया है। विरार ट्रैफिक पुलिस निरीक्षक प्रशांत लांगी ने सोमवार (9 तारीख) को शाम 5 से 6 बजे के बीच अनधिकृत पार्किंग वाले वाहनों पर कार्रवाई की. इससे अनाधिकृत पार्किंग करने वाले वाहन चालक परेशान हैं। विरार पूर्व, विरार-नालासोपारा, विरार मनवेलपाड़ा पाड़ा, कारगिल नगर की मुख्य सड़कों पर ट्रैवल चालक पिछले कई महीनों से मनवेलपाड़ा, विवा जहांगीड, संतनगर, कारगिल नगर,नेशनल स्कूल क्षेत्र की मुख्य सड़कों पर अवैध रूप से पार्किंग कर रहे हैं,इससे वरिष्ठ नागरिकों,महिलाओं, पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को काफी परेशानी हो रही है। साथ ही सड़क पर ट्रेवल्स की पार्किंग के कारण भी दुर्घटनाएं हो रही है। इस पार्किंग स्थल के खिलाफ स्थानीय निवासियों द्वारा कई शिकायतें की गई थीं।प्रशांत लांगी, पुलिस निरीक्षक,यातायात शाखा,विरार ने कहा कि, 'मीरा-भाईंदर, वसई-विरार पुलिस कमिश्नरेट ने सभी क्षेत्रों के लिए पार्किंग जोन बनाए हैं। नो पार्किंग में खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है,सोमवार को हमने 1 लाख का जुमार्ना वसूला है.' आगे भी यही कार्रवाई जारी रहेगी।




# मुकेश अंबानी ने गौतम अडानी से फिर हासिल किया भारत का सबसे अमीर आदमी का स्थान...

**मुंबई:** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के 66 वर्षीय चेयरमैन मुकेश अंबानी ने 360 वन वेल्थ हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2023 में अदानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदानी को पछाड़कर भारत के सबसे अमीर व्यक्ति का खिताब फिर से हासिल कर लिया है, जिन्होंने 2022 की सूची में शीर्ष स्थान पर कब्जा किया था। मुकेश अंबानी की कुल संपत्ति 2023 में पिछले वर्ष से 2 प्रतिशत अधिक 8.08 लाख करोड़ रुपये थी, जबकि गौतम अडानी की संपत्ति 57 प्रतिशत कम होकर 4.74 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया गया था। तीसरा स्थान 82 वर्षीय पुणे स्थित साइरस एस पूनावाला और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के पारिवारिक प्रमोटरों ने बरकरार रखा, जिनका कारोबार 2.78 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया गया था, जो पिछले साल की तुलना में 36 प्रतिशत अधिक है। शिव नादर 2.28 लाख करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ और लंदन स्थित गोपीचंद हिंदुजा 1.76 लाख करोड़ रुपये के साथ क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज के चेयरमैन दिलीप सांघवी 1.64 लाख करोड़ रुपये के साथ छठे स्थान पर रहे। यह सूची का 12वां वार्षिक संस्करण है, जिसमें भारत के सबसे धनी व्यक्तियों को प्रदर्शित किया गया है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल गौतम अडानी की संपत्ति आधी होने के बाद वह दूसरे स्थान पर खिसक गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि अदाणी की संपत्ति में एक साल के भीतर 6.19 लाख करोड़ रुपये की आश्चर्यजनक कमी आई है, जो हुरुन अमीरों की सूची की शुरूआत के इतिहास में सबसे बड़ी वार्षिक संपत्ति में गिरावट है। हिंडनबर्ग रिपोर्ट में गौतम अडानी के नेतृत्व वाले समूह पर स्टॉक में हेरफेर और अन्य वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाया गया था, जिसके कारण स्टॉक बर्बाद हो गया।

रिपोर्ट में कहा गया है, ''2022 में, गौतम अडानी अंबानी की संपत्ति से 3 लाख करोड़ रुपये आगे थे, जबकि 2023 में, अंबानी अडानी से 3.3 लाख करोड़ रुपये आगे हैं।'' दिलचस्प बात यह है कि शेयर बाजार में रिलायंस इंडस्ट्रीज के कमजोर प्रदर्शन के बावजूद मुकेश अंबानी की रैंकिंग बढ़ी। इस वर्ष की सूची के असाधारण निष्कर्षों में से एक यह है कि उल्लेखनीय 1,319 व्यक्तियों की कुल संपत्ति 1,000 करोड़ रुपये से अधिक है, 278 नए प्रवेशकों सहित 219 व्यक्तियों की वृद्धि हुई है। अमीरों की कुल संपत्ति बढ़कर 109 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो सिंगापुर, यूएई और सऊदी अरब की संयुक्त जीडीपी से भी अधिक है। सूची में शामिल लोगों में से 1,054 व्यक्तियों की संपत्ति बढ़ी या स्थिर रही, जिनमें 278 नए लोग शामिल हैं, जबकि 264 व्यक्तियों की संपत्ति में गिरावट देखी गई और 55 व्यक्ति सूची से बाहर हो गए। भारत में 259 अरबपति हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 38 अधिक है। उद्योग खंड के योगदान के संदर्भ में, औद्योगिक उत्पाद और धातु और खनन में सूची में सबसे अधिक नए प्रवेशकों की संख्या देखी गई है, फार्मा ने 133 नए प्रवेशकों का स्वागत करते हुए शीर्ष स्थान बनाए रखा है। इस सूची में जेप्टो के संस्थापक कैवल्य वोहरा (20) सबसे कम उम्र के सदस्य के रूप में शामिल हैं, जो भारत की स्टार्टअप क्रांति के प्रभाव को रेखांकित करते हैं।

360 वन वेल्थ के सह-संस्थापक और संयुक्त सीईओ अनिरुद्ध तपारिया ने कहा, ''पिछले पांच वर्षों में, कई उद्यमियों ने असाधारण धन वृद्धि देखी है, कुछ ने आश्चर्यजनक रूप से 1,000 प्रतिशत की वृद्धि का अनुभव किया है। निर्माण और इंजीनियरिंग शीर्ष लाभार्थी के रूप में उभरे हैं शीर्ष 100 की सूची में, लगभग 20,000 करोड़ रुपये की कट-ऑफ के साथ फार्मास्यूटिकल्स दूसरे स्थान पर है।'' दिलचस्प बात यह है कि, स्टार संकेत एक भूमिका निभाते नजर आए, जिसमें मीन राशि धन संचय में अग्रणी रही, उसके बाद वृषभ और तुला का स्थान रहा। कुल मिलाकर, विर्गो ने 9.6 प्रतिशत की सूची के साथ देश में सबसे अच्छा उद्यमी बनाया।

## भिवंडी नही थम रही वाहन चोरी की घटना, नागरिकों में फैला भय का माहौल

### नही थम रही वाहन चोरी की घटना... नागरिकों में फैला भय का माहौल।

### एक ही दिन चार वाहनों की चोरी, अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी पुलिस

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी शहर में इन दिनों बढ़ी वाहन चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है।शहर के अलग अलग इलाके में पार्किंग से चार वाहनों को चोर उड़ा ले गए।इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।लेकिन चोर पुलिस की गिरफ्त में नही आ रहे है।जिसे लेकर जहां आम लोगों में भय का माहौल व्याप्त है।वही चोरों के हौसले बुलंद है। पुलिस के अनुसार स्थानीय कामतघर इलाके में पूनम देशी बार के सामने गणेश मंदिर के पास पार्क की गई 25 हजार रुपये कीमत की हीरो कंपनी की फैशन प्रो दोपहिया गाड़ी अज्ञात चोर ने 5 अक्टूबर की शाम चोरी कर फरार हो गए।इस मामले में सनीदेओल गौड की शिकायत पर भिवंडी शहर पुलिस ने 9 अक्टूबर को अज्ञात चोर पर केस दर्ज किया है। इसी तरह दूसरी घटना में भूसाल मोहल्ले में हिंदुस्तानी मस्जिद के पास तेल के थोक व्यापारी शायान अब्दुल समद मोमिन ने इमारत के नीचे 40 हजार रुपये कीमत की सुजुकी एक्सेस स्कूटर पार्क किए थे।जिसे अज्ञात चोर चुरा लिया।



जिसकी शिकायत उन्होंने भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन में दर्ज कराया है। इसी तरह काल्हेर में स्थित आशा अस्पताल के समानेजय माता दी कंपाउंड के सामने अरशद दयानंद भोईर ने 9 अक्टूबर को 30 हजार रुपये का कीमत की बर्गमैन दोपहिया वाहन पार्क किया।जिसे एक अज्ञात चोर चुराकर फरार हो गए।जिसकी शिकायत नारपोली पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। इसी तरह राजनौली इलाके में स्थित सैंडी ढाबा के बगल में विकी राजेश सोनार ने 26 सितंबर को 20 हजार रुपये कीमत की मारुति सुजुकी ऑल्टो कार को पार्क किए थे।जिसे अज्ञात चोर ने चुरा लिया।जिसकी शिकायत कोनगांव पुलिस ने दर्ज किया है।बढ़ती वाहन चोरी से वाहन चालकों के बीच भय का माहौल है।

## भिवंडी में 18 लाख का प्रतिबंधित गुटखा सहित 44 लाख का माल जब्त... ट्रक चालक गिरफ्तार

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी अंतर्गत आने वाले नासिक हाइवे पर स्थित मानकोली नाके के पास से पुलिस ने 18 लाख रुपए पर प्रतिबंधित गुटखा ले जा रही एक ट्रक सहित 44 लाख 53 हजार 600 रुपये का माल जब्त किया है।इस मामले में पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है।जबकि उसके दो साथी फरार हो गए हैं।जिन पर केस दर्ज कर पुलिस ने यह गुटका कहां से आया था तथा यह कहां जा रहा था ? इसकी छानबीन में जुट गई है। नारपोली पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरिक्षक मदन बल्लाल को 9 अक्टूबर को दोपहर करीब 2 बजे ठाणे-नासिक हाईवे पर मानकोली ब्रिज के पास



से प्रतिबंधित गुटखा के परिवहन के बारे में सूचना मिली थी जिसके बाद पुलिस द्वारा वहां जाल बिछा कर संदिग्ध आयशर ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीसी 7948 को रोक कर जब उसकी जांच की उसमे 67 बोरिया प्रतिबंधित गुटखा बरामद हुआ। जिसकी कीमत 18 लाख रुपए बताई जा रही है। साथ ही ट्रक समेत 44 लाख 53 हजार 600 रुपये का माल और 1 मोबाइल फोन जब्त किया है और ट्रक चालक चेतन लाल, को गिरफ्तार कर लिया।जबकि उसके दो अन्य साथी शौकत और सुशील मौका पाकर फरार होने में कामयाब हो गए।पुलिस

सिपाही जनार्दन बंदगर की शिकायत पर नारपोली पुलिस ने तीन लोगों पर आईपीसी की धारा 328, 188, 272, 273 सहित खाद्य और सुरक्षा अधिनियम 2006 और 2011 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने ट्रक चालक को अदालत में पेश किया।जिसे कोर्ट ने 13 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।साथ ही पुलिस फरार दोनों आरोपियों की तलाश पुलीस सरगर्मी से कर रही है।मामले की जांच सपोनी विठ्ठल बढ़े कर रहे हैं।

## PFI पर NIA का बड़ा एक्शन... दिल्ली-यूपी, महाराष्ट्र और राजस्थान में कई ठिकानों पर छापेमारी

प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) संगठन के खिलाफ एक और कार्रवाई में, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान और महाराष्ट्र में कई स्थानों पर तलाशी ली। एनआईए सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी एजेंसी के केस नंबर 31/2022 में की गई, जो पीएफआई और उसके नेताओं और कैडरों की हिंसक और गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्तता से संबंधित है, जो पटना के फुलवारीशरीफ इलाके में इसी उद्देश्य से इकट्ठे हुए थे। हालांकि, एनआईए के अधिकारी इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। मामला शुरू में 12 जुलाई, 2022 को फुलवारीशरीफ पुलिस स्टेशन में एफआईआर के रूप में दर्ज किया गया था और पिछले साल 22




जुलाई को एनआईए द्वारा फिर से दर्ज किया गया था।

**राजस्थान में कई संदिग्धों को हिरासत में लिया गया**

ताजा जानकारी के मुताबिक राजस्थान में भी मंगलवार देर रात एनआईए की कई टीमों ने अचानक कई ठिकानों पर छापेमारी की। एनआईए की छापेमारी की खबर लगते ही लोगों में हड़कंप मच गया। सूत्रों के मुताबिक प्रदेश के टोंक, कोटा और गंगापुर सहित कई जगहों पर एनआईए की छापेमारी की सूचना है। सुरक्षा के लिहाज से एनआईए टीमों ने स्थानीय पुलिस का भी सहयोग लिया है। कई संदिग्ध को हिरासत में भी लिया गया है। फिलहाल मामले को लेकर ठिकानों से मिले दस्तावेजों और आईटी गैजेट्स का खंगाला जा रहा है। उधर, तमिलनाडु में भी एनआईए छापे की खबर है। जानकारी के मुताबिक एनआईए ने मदुरै में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया संगठन से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की है। बता दें कि पीएफआई को पिछले साल आतंकवाद विरोधी गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम (वअढअ) के तहत बैन कर दिया गया था।




# फेसबुक पर फ्रेंडशिप... न्यूड कॉल कर बनाया वीडियो

# मुंबई के माटुंगा में सेक्सटॉर्शन का शिकार रेलवे स्टाफर ट्रेन के आगे कूदा

**मुंबई :** सेक्सटॉर्शन के केस इस दिनों बढ़ गए हैं। लोग समाज के डर से शिकायत नहीं करते तो कई शिकायत के बाद अपनी पहचान छिपाते हैं। मुंबई में एक सेक्सटॉर्शन के शिकार शख्स ने खतरनाक कदम उठाते हुए आत्महत्या कर ली। 36 साल का यह शख्स रेलवे में कर्मचारी था। उसने माटुंगा में एक आने वाली ट्रेन के सामने खड़े होकर अपनी जान दे दी। सरकारी रेलवे पुलिस ने एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया, जो पीड़ित से पैसे की मांग कर रही थी। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस ने उस व्यक्ति की जेब से एक नोट बरामद किया जिसमें कहा गया था कि उसने फेसबुक पर एक महिला कोमल शर्मा से दोस्ती की थी और उसने उसका एक अश्लील वीडियो ऑनलाइन शूट किया था और पैसे नहीं



देने पर उसे यूट्यूब पर अपलोड करने की धमकी दी थी। उसने शुरू में महिला को भुगतान किया लेकिन बाद में इससे इनकार कर दिया। उसके बाद अपनी जान दे दी। पुलिस ने बताया कि शख्स की शादी कुछ साल पहले हुई थी। उसके दो छोटे बच्चे हैं। रेल कर्मचारी के परिवार को 'सेक्सटॉर्शन' की कोई जानकारी नहीं थी।

पुलिस ने बताया कि 9 अक्टूबर को वह आदमी सुबह करीब 6 बजे काम पर घर से निकला। सुबह करीब 10.30 बजे उनकी पत्नी ने उन्हें अपने बच्चों की स्कूली शिक्षा के बारे में बात करने के लिए फोन किया। उसने अपनी पत्नी से कहा कि वह काम में व्यस्त है और वे बाद में विस्तार से बात कर सकते हैं। लगभग 3.50 बजे, पत्नी को पुलिस का फोन आया कि वह माटुंगा स्टेशन पर एक ट्रेन से नीचे गिर गया है और उसे गंभीर चोटें आई थीं। वह तुरंत सायन अस्पताल गई, जहां उसे पता चला कि उसका निधन हो गया है।

**फेसबुक पर हुई थी दोस्ती**

पुलिस ने शख्स के पास से सुइसाइड नोट बरामद किया है। इस नोट में शख्स ने बताया कि कुछ दिनों पहले उसके पास एक कोमल शर्मा नाम की युवती के फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। उसने यह रिक्वेस्ट एक्सेप्ट कर ली। उसके बाद वह उससे चैट करने लगी। एक दिन उसने न्यूड कॉल की। युवती ने इस कॉल की तस्वीरें और वीडियो रेकॉर्ड कर ली और उसे ब्लैकमेल करने लगी।

युवक ने युवती को रकम दी और कुछ दिनों बाद उसे एक शख्स का फोन आया और उसने उसे बताया कि उसका नाम प्रेम प्रकाश है और वह दिल्ली में साइबर अपराध पुलिस में है। प्रेम प्रकाश ने कहा कि कोमल ने उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शख्स ने उस कथित पुलिसवाले को 2 लाख रुपये दिए।

# कांग्रेस पार्टी बेरोजगार युवकों को रोजगार के अवसर प्रधान करेगी

## समाज में व्याप्त नशा खोरी को जड़ से खत्म करने में मदद मिलेगी



**मुंबई :** कांग्रेस पार्टी केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में बेरोजगार हुए युवकों को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। ऐसा प्रतिपादन ईशान्य मुंबई कांग्रेस पार्टी ब्लॉक 70 की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुंबई कांग्रेस पार्टी मुंबई स्वयं रोजगार सेल के अधक्ष्य जयंत लोखंडे ने उपस्थित पार्टी कार्यकताओं समेत स्थानीय जनता से कही । जयवंत लोखंडे के अनुसार मुंबई कांग्रेस अधक्षय वर्षा गायकवाड के नेतृत में बढ़ती महंगाई से त्रस्त युवा शिक्षित बेरोजगारों को नय रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। जिसके लिए मुंबई स्वयं रोजगार सेल कमर कस चुका है। वही कार्यक्रम में मुख्य आयोजक मुंबई स्वयं रोजगार सेल के कार्याधक्ष्य अहमद खान ने कहा की बेरोजगारी के कारण इलाके के युवा वर्ग टेंशन के चलते नशे के दल दल से धंसते जा रहा है । जिसके कारण बेरोजगारों को अगर रोजगार के श्रोत से जोड़ा जाय तो इसी बहाने समाज में बड़े पर बढ़ते नशे को खत्म किया जा सकता है । उपरोक्त अवसर पर बड़ी संख्या में ईशान्य मुंबई कांग्रेस पार्टी के बड़ी संख्या में पदाधिकारी , कार्यकताओं का जमावड़ा देखने को मिला ।

# नेताजी के विचारों को अपने काम के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है- रईस शेख




**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व रक्षा मंत्री और देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के 3 बार मुख्यमंत्री रहे श्री मुलायम सिंह जी यादव को उनकी पहली पुण्य तिथि के रूप में पूरे भारत में याद किया जा रहा है उनकी पहली पुण्य तिथि पर विधायक रईस शेख की ओर से भिवंडी में विभिन्न स्थानों पर कई सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही उन्होंने स्व-इंदिरा गांधी मेमोरियल उप-जिला अस्पताल में भोजन और फल भी वित्रित किए। विधायक रईस शेख ने पिछले एक वर्ष से स्व-इंदिरा गांधी मेमोरियल उप-जिला अस्पताल में मरीजों और उनके रिश्तेदारों के लिए दैनिक भोजन प्रणाली शुरू की है और इससे कई मरीज और नागरिक लाभान्वित हो रहे हैं। साथ ही सोशल मीडिया से बात करते हुए श्री शेख ने कहा कि उनके समाजवादी विचार और सामाजिक कार्य पूरी नई पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे। साथ ही शाम को समाजवादी पार्टी कार्यालय में नेता जी स्व- मुलायम सिंह यादव के लिए श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया. और पुष्प अर्पित कर संयुक्त रूप से श्रद्धांजलि दी गई इस कार्यक्रम में विधायक रईस शेख, समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष अजय यादव एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सलाम नोमानी उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जलीस आजमी, सुफियान चाचा, यार मोहम्मद मुंशी, सुरेश पाटिल सहित समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बच्चे चोरी करने वाले मानव तस्कर गिरोह का भंडाफोड़... 6 गिरफ्तार

## मालाड, मालवणी, गोवंडी, हैदराबाद और नासिक से पकड़े गए सदस्य




**मुंबई :** कुरार पुलिस ने एक ऐसे बच्चा चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिसके सदस्य बच्चों को चुराकर उन्हें देश-विदेश में मुंहमांगी कीमत पर बेच दिया करते थे। मुंबई पुलिस ने इस गिरोह के 6 सदस्यों को मालाड, मालवणी, गोवंडी, हैदराबाद और नासिक से गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास से पुलिस को सैकड़ों मासूमों की तस्वीरें मिली हैं, जिन्हें दिखाकर इन्हें ऑनलाइन 2 से 5 लाख रुपये में देश-विदेश में बेचा जाता था। पुलिस के अनुसार, गिरोह के मुख्य सरगना को नासिक से गिरफ्तार किया गया, जिसका हैदराबाद में समाधान नामक एक एनजीओ है। आरोप है कि यह एनजीओ भारत समेत विश्व के किसी भी कोने में रह रहे निःसंतान अथवा जरूरतमंद लोगों को उनकी पसंद का बेटा अथवा बेटी मुहैया करवाता था। बच्चों की मांग करने वालों को पहले फोटो भेजा जाता था और पसंद आने पर उन्हें मुंहमांगे दामों पर उपलब्ध करवाया जाता था।

**ऐसे खुला मामला**

कुरार पुलिस की हद में एक ब्रिज के नीचे मूल रूप से राजस्थान की गुब्बारा बेचने वाली कुछ महिलाएं रहती हैं। एक महीने पहले इन्हीं में से एक महिला का दो साल का बच्चा गायब हो गया था। पुलिस ने जांच शुरू की। उन्हें करीब 14 घंटे बाद दादर जीआरपी द्वारा बच्चे को बरामद कर लिए जाने की खबर मिली। मां को खोया हुआ बेटा तो दे दिया गया, लेकिन जोन 12 की डीसीपी स्मिता पाटील ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी तह तक जाने की ठानी। पुलिस ने घटना स्थल से दादर तक करीब-करीब हर रेलवे स्टेशनों और बस डिपो पर लगे सीसीटीवी फुटेज और एएनपीआर कैमरे को खंगाला। दादर स्टेशन पर टीम को कुछ संदिग्ध लोग नजर आएं, जिनके आसपास छोटा बच्चा घूम रहा था। पुलिस ने दादर रेलवे स्टेशन परिसर पर फोकस किया और गहराई से छानबीन की। जांच में पता चला कि ये वहीं लोग हैं, जो बच्चा चुराते हैं।

# पुलिस गिरफ्त से आरोपी फरार



**वसई :** वसई विरार पुलिस की हिरासत से एक आरोपी के फरार होने की घटना सामने आई है। आरोपी का नाम मनोहर पार्टे (48) है। सोमवार रात मेडिकल जांच के लिए अस्पताल लाए जाने के दौरान वह एक पुलिसकर्मी को धक्का मारकर भाग गया। मनोहर पार्टे (48) को विरार पुलिस ने चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। उन्हें सोमवार रात जांच के लिए विरार पूर्व के जीवदानी अस्पताल लाया गया। इस वक्त उनके साथ एक पुलिसकर्मी भी था. लेकिन रात करीब दस बजे ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी चंदनशिवे के हाथ को झटका मार और पार्ट रफूचक्कर हो गया। इस संबंध में विरार पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com .